भारत सरकार
परमाणु ऊर्जा विभाग
भारी पानी बोर्ड

शुद्धिपत्र

दिनांक 26.05.2018 के रोजगार समाचार और राजस्थान पत्रिका में प्रकाशित भारी पानी बोर्ड के विज्ञापन सं. भापाबो/1/2018 में प्रवर श्रेणी लिपिक एवं आशुलिपिक-III के पद में उल्लिखित “अजजा” की रिक्ति के स्थान पर “अजा” पढ़ा जाए । **तद्नुसार, इन पदों के लिए आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख को बढ़ाकर 10.07.2018 24.00 बजे तक किया जाता है** । अन्य शर्तें यथावत रहेंगी ।

असुविधा के लिए खेद है ।

(सहायक कार्मिक अधिकारी (भर्ती))

सत्यमेव जयते

भारत सरकार

परमाणु ऊर्जा विभाग

भारी पानी बोर्ड

विज्ञापन संख्या : भापाबो/1/2018

ऑनलाइन आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तारीख 25.06.2018 को 24:00 बजे तक

"सरकार अपने कार्यबल में पुरूषों एवं महिलाओं की संख्या में संतुलन रखने हेतु प्रयासरत हैं अत: महिलाओं को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

भारत के विभिन्न भागों में स्थित भारी पानी संयंत्रों, पऊनिप, मुम्बई और ब्रिट, नवी मुम्बई में निम्नलिखित पदों पर नियुक्ति हेतु पात्र उम्मीदवारों से **ऑनलाइन** आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं :

1. श्रेणी – I प्रशिक्षणार्थी : कुल पद : 70 (अनारक्षित -28, अ.पि.व.-25, अ.जा.-10 एवं अ.ज.जा.-7)

पद सं.	कार्यक्षेत्र	रिक्तियों की संख्या (**)					शैक्षणिक / तकनीकी योग्यता
		अनारक्षित	अ.पि.व.	अ.जा.	अ.ज.जा	कुल	
1.	रसायन	14	13	5	3	**35**	रसायन अभियांत्रिकी में डिप्लोमा **(*)**
2.	यांत्रिक	8	5	2	1	**16**	यांत्रिक अभियांत्रिकी में डिप्लोमा **(*)**
3.	विद्युत	2	3	2	1	**8**	विद्युत अभियांत्रिकी में डिप्लोमा **(*)**
4.	रसायन (प्रयोगशाला)	3	3	0	2	**8**	मुख्य विषय के रूप में रसायन एवं सहायक विषय के रूप में भौतिकी/गणित /जीव विज्ञान के साथ बी.एससी **(*)**
5.	जैवविज्ञान	1	1	1	0	**3**	जैव-रसायन / जैव-विज्ञान /सूक्ष्म जीव विज्ञान/ जैव प्रौद्योगिकी **(*)**

(*)सभी विषयों में संयुक्त रूप से न्यूनतम 60% अंक

(**) बताई गई रिक्तियों की संख्या अनंतिम है और इसमें बदलाव हो सकता है।

2. श्रेणी – I I प्रशिक्षणार्थी : कुल पद : 139 (अनारक्षित .-70 , अ.पि.व.-41, अ.जा.-17 एवं अ.ज.जा.-11)

पद सं.	कार्यक्षेत्र	रिक्तियों की संख्या (**)					शैक्षणिक / तकनीकी योग्यता
		अनारक्षित	अ.पि.व.	अ.जा.	अ.ज.जा	कुल	
6.	प्रक्रिया/संयंत्र प्रचालक	30	17	9	4	**60**	उच्चतर माध्यमिक या समकक्ष परीक्षा (10+2 या 12 वर्ष की अवधि की शिक्षा) भौतिकी, रसायन एवं गणित सहित सभी विषयों में संयुक्त रूप से 60% अंक
7.	विद्युत	16	8	2	2	**28**	एसएससी (विज्ञान एवं गणित सहित) में संयुक्त रूप से न्यूनतम 60% अंक + विद्युत / फिटर / टर्नर / मशीनिष्ट / वेल्डर / ड्रॉफ्टसमैन में ट्रेड प्रमाणपत्र। उम्मीदवार ने ट्रेड प्रमाणपत्र के संबंध में निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करना चाहिए :- 1. द्विवर्षीय अवधि का एनटीसी (आईटीआई पास आउट)
8.	यांत्रिक (फिटर)	17	12	3	2	**34**	
9.	टर्नर	1	1	1	1	**4**	

10.	मशीनिष्ट	2	1	1	1	**5**	**अथवा** 2. शिक्षुता प्रशिक्षण स्कीम के तहत द्विवर्षीय अवधि का एनएसी **अथवा** 3. एक वर्षीय अवधि का एनटीसी (आईटीआई पास आउट) तथा उक्त पाठ्यक्रम पूरा करने के पश्चात एक वर्ष का कार्य का अनुभव **अथवा** 4. एक वर्षीय अवधि का एनटीसी (आईटीआई पास आउट) तथा शिक्षुता प्रशिक्षण स्कीम के तहत न्यूनतम एक वर्षीय अवधि का एनएसी
11.	वेल्डर	3	1	1	1	**6**	
12.	ड्रॉफ्ट्समैन (सिविल/ यांत्रिक)	1	1	0	0	**2**	

(*) बताई गई रिक्तियों की संख्या अनंतिम है और इसमें बदलाव हो सकता है।

शैक्षणिक / तकनीकी योग्यताएं मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / केंद्र एवं राज्य सरकार के तकनीकी शिक्षा बोर्ड से मान्यता प्राप्त होनी चाहिए।

शारीरिक मानक :	
	कोई अपंगता नहीं होनी चाहिए।
	रतौंधी एवं वर्णांधता वाले व्यक्ति को अपात्र माना जाएगा।
	जिनके कान के पर्दे में छेद हो, वे आवेदन न करें। तथापि, वे अभ्यर्थी जिनके कान में पहले छेद था और उन्होंने शल्यक्रिया के माध्यम से उसे ठीक करवा लिया हो, वे आवेदन करने के पात्र हैं।
कद	पुरुष एवं महिला अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम कद क्रमश: 152 से.मी. एवं 148 से.मी. होना चाहिए ।
वजन	अभ्यर्थी का न्यूनतम/अधिकतम वजन उसके कद के अनुसार बीएमआई के अनुसार 18.5 से 25 के अंदर होना चाहिए। वे अभ्यर्थी जिनका बीएमआई 17 से 18.5 (थोड़ा दुबलापन) एवं 25 से 27.5 (थोड़ा मोटापा) है, पर भी विचार किया जा सकता है बशर्ते कि वे अन्यथा तंदरूस्त हों और यदि आवश्यक हुआ तो उनका और चिकित्सा परीक्षण होगा।
दृष्टि	दूर की दृष्टि : 6/18 या उससे बेहतर (बिना चश्मा या अन्य कोई चीज लगाए), 6/6 तक करेक्टेबल। निकट दृष्टि / एन 8 (बिना चश्मा या अन्य कोई चीज लगाए), एन/6 तक करेक्टेबल।
वे अभ्यर्थी जो उपरोक्त शारीरिक मानकों को पूरा नहीं करते हैं, उनका स्किल टेस्ट / साक्षात्कार नहीं लिया जाएगा (जहां पर लागू हो) ।	

श्रेणी। एवं श्रेणी।। - प्रशिक्षणार्थीओं के लिए आयु सीमा :
(ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को)

पद का नाम	आयु सीमा
श्रेणी I प्रशिक्षणार्थी	न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 24 वर्ष
श्रेणी II प्रशिक्षणार्थी	न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 22 वर्ष

चयन का तरीका :

प्रशिक्षणार्थी - श्रेणी – I : लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार

दो घंटे की अवधि की वस्तुनिष्ठ लिखित परीक्षा जिसमें निगेटिव मार्किंग होगी। **प्रत्येक सही उत्तर के लिए 1(एक) अंक दिया जाएगा और प्रत्येक गलत उत्तर के लिए ½ (आधा) अंक काटा जाएगा।**

लिखित परीक्षा में निम्नलिखित शामिल होगा : सायकोमीट्रिक/एप्टीट्यूड/सामान्य ज्ञान/रोजाना काम आने वाला विज्ञान/अभ्यर्थी के विषय से संबंधित प्रश्न।

जो उम्मीदवार लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण होंगे **केवल** उन्हें ही साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा।

प्रशिक्षणार्थी – श्रेणी - II

चयन प्रक्रिया में परीक्षा के 3 चरण शामिल होंगे (चरण 1 एवं 2 – लिखित परीक्षा एवं चरण 3 – ट्रेड / कौशल परीक्षा) चरण 1 एवं 2 की परीक्षा उसी दिन आयोजित की जाएगी। चरण 2 परीक्षा की उत्तर पुस्तिका केवल उन्हीं उम्मीदवारों की जांची जाएगी जो चरण 1 की लिखित परीक्षा में अर्हता प्राप्त करते हैं। लिखित परीक्षा में निगेटिव मार्किंग होगी।

चरण 1 - प्रारंभिक परीक्षा	इस प्रश्न पत्र में गणित, विज्ञान एवं सामान्य ज्ञान के प्रश्न रहेंगे। तीन अंक प्रत्येक सही उत्तर के लिए दिए जाएंगे और प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 1 अंक काटा जाएगा।
चरण 2 - प्रगत परीक्षा	इस प्रश्न पत्र में प्रक्रिया संयंत्र प्रचालक के लिए आईटीआई एवं एचएससी (12वी) के संबंधित ट्रेड से प्रश्न रहेंगे। “तीन” अंक प्रत्येक सही उत्तर के लिए दिए जाएंगे और प्रत्येक गलत उत्तर के लिए “एक” अंक काटा जाएगा। उम्मीदवारों की मेधावी सूची स्तर 2 की परीक्षा में प्राप्त अंको के आधार पर ही तैयार की जाएगी।
चरण 3 - कौशल परीक्षा	केवल उन्हीं उम्मीदवारों के लिए है जो चरण-2 की परीक्षा में उत्तीर्ण रहेंगे एवं यह परीक्षा गो / नो-गो आधार पर होगी। मेधावी सूची के आधार पर ही उम्मीदवारों को बुलाया जायेगा। उम्मीदवार जो कौशल परीक्षा उत्तीर्ण करेंगे उन्हें शार्ट लिस्ट किया जाएगा एवं स्तर 2 में प्राप्त अंको के आधार पर मेधावी सूची के अनुसार पैनलबध्द किया जायेगा।

नोट : चयनित अभ्यार्थियों को प्रत्येक ट्रेड में निर्धारित विषयों के अनुसार तथा भापाबो की सख्त आवश्यकताओं के लिए संबंधित ट्रेड में प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण की अवधि के दौरान एवं उसके बाद अभ्यर्थी को दिन-रात पाली में कार्य करना होगा। आरंभिक प्रशिक्षण का स्थान भापासं, मणुगुरू, तेलंगाना या भापासं, कोटा, राजस्थान होगा। भारी पानी संयंत्र मणुगुरू/कोटा द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को छात्रावास उपलब्ध करवाया जाएगा। उम्मीदवार को किसी विशेष जगह प्रशिक्षण प्राप्त करने का चयन/विकल्प नहीं दिया जाएगा।

प्रशिक्षण की कुल अवधि : दोनों प्रशिक्षणार्थियों (श्रेणी - I एवं श्रेणी - II) के लिए दो वर्ष

प्रशिक्षण के दौरान समेकित अध्येतावृत्ति (स्टाइपेंड) :

	पहले वर्ष	**दूसरे वर्ष**
श्रेणी - I प्रशिक्षणार्थी	रू. 16,000/-	रू. 18,000/-
श्रेणी - II प्रशिक्षणार्थी	रू. 10,500/-	रू. 12,500/-

नियमानुसार **एक बार पुस्तक खरीदने हेतु भत्ते के रूप में रू. 3000/-** देय होगा।

प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने पर पद / ग्रेड

प्रशिक्षण के सफलतापूर्वक पूरा करने पर प्रशिक्षार्थी को प्रशिक्षण एवं प्रशिक्षण की समाप्ति पर आयोजित होने वाले साक्षात्कार के कार्य-निष्पादन के आधार पर निम्नलिखित ग्रेड में नियुक्त करने पर विचार किया जाएगा।

प्रशिक्षणार्थी	**पद**	**वेतन मैट्रिक्स में स्तर**	**प्रारंभिक वेतन**
श्रेणी – I	**वैज्ञानिक सहायक/सी**	स्तर 7	रू. 44,900/-
श्रेणी – II	**तकनीशियन/बी**	स्तर 3	रू. 21,700/-
	तकनीशियन/सी	स्तर 4	रू. 25,500/-

प्रारंभिक वेतन के अतिरिक्त केंद्रीय सरकार के नियमानुसार स्वीकार्य भत्ते भी दिये जाएंगे ।

बंध पत्र :

चयनित अभ्यार्थियों को प्रशिक्षण पूरा करने हेतु तथा प्रशिक्षण के पश्चात भापाबो / भारी पानी संयंत्रों में अथवा पऊवि की अन्य संघटक इकाइयों में सेवा प्रदान करने हेतु, यदि नियुक्ति का प्रस्ताव दिया जाता है, तो नियुक्ति से तीन वर्ष की अवधि हेतु बंध पत्र देना होगा । यदि प्रशिक्षार्थी प्रशिक्षण सफल करने में अथवा यदि उसे नियुक्त किया जाता है तो 3 वर्ष की सरकारी सेवा प्रदान करने में असफल रहता है तो ऐसे प्रशिक्षणार्थी को प्रशिक्षण की अवधि के दौरान प्राप्त अध्येतावृत्ति (स्टाइपेंड) की कुल राशि एवं उसके ऊपर ब्याज जोड़कर जो राशि बनती है, उसका भुगतान करना होगा ।
<u>महत्वपूर्ण नोट :</u> श्रेणी I एवं II के लिए भर्ती नियम के अनुसार पात्रता के तरीके का निर्धारण न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता एवं अंकों के प्रतिशत के आधार पर किया गया है । तथापि, यदि अतिरिक्त उच्च शैक्षणिक योग्यता वाले अभ्यर्थी इस पद के लिए चयन की इच्छा रखते हैं, तो उन्हें भर्ती के लिए विचार करने के मौके से वंचित नहीं किया जाएगा । ऐसे अभ्यर्थी जो पहले से ही अधिक शैक्षणिक योग्यता प्राप्त हैं या उच्च शैक्षणिक योग्यता प्राप्त करने की प्रक्रिया को भर्ती होने के बाद पूरा करने वाले हैं, उन पर अतिरिक्त शैक्षणिक योग्यता के आधार पर नीचे बताई गई अवधि तक पदोन्नति के लिए विचार नहीं किया जाएगा : क) बी.एससी / अभियांत्रिकी में डिप्लोमा - 6 वर्ष ख) बी.टैक / एएमआईई / एम.एससी - 8 वर्ष ग) एम.टैक / पीएच.डी - 10 वर्ष

<u>पद संख्या.13 : तकनीशियन – सी / डी (क्रेन / फोर्कलिफ्ट आपरेटर) – "ग्रुप सी, अराजपत्रित"</u>

पदों की संख्या	**02 (अनारक्षित-1 एवं अपिव-1) (रिक्तियों की संख्या अनंतिम है और इसमें बदलाव हो सकता है)**
शैक्षणिक योग्यता : विज्ञान एवं गणित सहित एसएससी **अथवा** एचएससी में न्यूनतम 60 % अंक	
नोट	किसी प्रतिष्ठित उद्योग/संगठन में कोल्स/टीआईएल/एक्कॉर्टस टायर माउंटेड क्रेनों, टाटा पी एवं एच क्रॉलर क्रेन, 35 मी.टन. ट्रैक्टर ट्रेलर एवं फोर्क लिफ्ट (इलेक्ट्रिकल एवं डीजल प्रचालित) के प्रचालन एवं अनुरक्षण का अनुभव । तकनीशियन/सी के लिए न्यूनतम 4 वर्ष एवं तकनीशियन/डी के लिए न्यूनतम 8 वर्ष । **अभ्यर्थी के पास भारी वाहन चलाने का वैध लाइसेंस होना चाहिए ।**
आयु सीमा	ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 33 वर्ष ।
वेतन बैंड	वेतन मैट्रिक्स के स्तर 4 में रु. 25,500 + महंगाई भत्ता (**तकनीशियन/सी के लिए**) वेतन मैट्रिक्स के स्तर 5 में रु. 29,200 + महंगाई भत्ता (**तकनीशियन/डी के लिए**) (**इसके अतिरिक्त तैनाती के स्थान के आधार पर निर्धारित दर के अनुसार स्वीकार्य मकान किराया भता एवं परिवहन भत्ता**)
चयन का तरीका	चयन प्रक्रिया प्रशिक्षणार्थी श्रेणी-**II** की चयन प्रक्रिया के अनुसार ही आयोजित होगी जिसमें चरण-1 प्रारंभिक परीक्षा, चरण-2 प्रगत परीक्षा एवं चरण 3 कौशल परीक्षा शामिल हैं । चरण 1 और 2 की लिखित परीक्षा उसी दिन आयोजित की जाएगी । उन्हीं अभ्यार्थी की चरण 2 की उत्तर पुस्तिका जांची जाएगी जो चरण 1 की लिखित परीक्षा उत्तीर्ण करते हैं । लिखित परीक्षा में गलत उत्तर देने पर अंक काट दिए जाएंगे ।
शारीरिक मानक	कोई अपंगता नहीं होनी चाहिए । रतौंधी एवं वर्णांधता अयोग्यता होगी ।

पद संख्या. 14 : वैज्ञानिक अधिकारी/डी (चिकित्सा - सामान्य औषधि) - "ग्रुप ए, राजपत्रित"

पदों की संख्या	2 (अनारक्षित) **(रिक्तियों की संख्या एवं तैनाती का स्थान अनंतिम है। चुने गए अभ्यर्थियों को भारी पानी बोर्ड या मणुगुरू (तेलंगाना), तूतिकोरिन (तमिलनाडु), तालचेर (ओडीशा), बड़ौदा (गुजरात) तथा कोटा (राजस्थान) स्थित भारी पानी संयंत्रों में तैनात किया जा सकता है)।**
<u>योग्यता</u>	पाँच वर्ष अनुभव के साथ एमबीबीएस। संस्था में कार्य के अनुभव वाले अभ्यार्थियों को वरीयता दी जाएगी। अनिवार्य इन्टर्नशिप को अनुभव नहीं माना जाएगा।
ड्यूटियों की प्रकृति	1. सभी आयु समूह के रोगियों को अटेंड करना एवं पेरिफेरी स्तर में स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं प्रदान करना। 2. नियमित रोग, दीर्घकालीन मामलों जैसे डाइबिटीज, मेलिटस, उच्च रक्तचाप, इस्केमिक ह्द्य रोग ट्यूबरक्यूलोसिस, इपिलेप्सि आदि। 3. पुराने रोग वाले रोगियों का नियमित मॉनिटरन करते हुए फॉलो-अप करना एवं जब कभी आवश्यक हो अस्पताल को संदर्भित करना। 4. अस्पताल में आपातकालीन प्रबंधन कार्य करना एवं उसे स्टेबलाइस करने के पश्चात यदि आवश्यक हो तो अस्पताल को रेफर करना। 5. जनरल केस नोट, डाइग्नोसिस, ऑनलाइन प्रिस्क्रिप्शन, क्रिएटिंग सर्विस ऑर्डर , अपॉइंटमेंट आदि सहित कम्प्यूटर में डेटा इंट्री करना। 6. प्रिवेंटिव क्लिनिकों का आयोजन जैसे वेल बेबी क्लिनिक, एंटीनेटल क्लिनिक, स्क्रीनिंग कार्यक्रम एवं शैक्षिक गतिविधियों में प्रतिभागिता। 7. अभ्यार्थी को कैजुलिटी विभाग में जब कभी तैनात किया जाए तो उसे कैजुलिटी चिकित्सा अधिकारी के रूप में भी कार्य करना पडेगा। 8. अभ्यार्थी को अस्पताल की सूचना प्रणाली में डेटा की प्रविष्टि करने के संबंध में कम्प्यूटर का आधारभूत ज्ञान भी होना चाहिए।
आयु सीमा	ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को अधिकतम 40 वर्ष।
वेतन बैंड	वेतन मैट्रिक्स के स्तर 11 में रु. 67,700/- + नॉन प्रैक्टिसिंग भत्ता + महंगाई भत्ता (इसके अतिरिक्त तैनाती के स्थान के आधार पर निर्धारित दर पर मकान किराया भत्ता एवं परिवहन भत्ता भी देय होगा) ।
चयन का तरीका	वैयक्तिक साक्षात्कार में निष्पादन के आधार पर चयन किया जाएगा।

पद संख्या.15 : नर्स/ए - "ग्रुप बी, अराजपत्रित"

पदों की संख्या.	**2 (अपिव-1 एवं अजा-1)** **3 (प्रत्याशित) (अनारक्षित – 1, अजा-1 एवं अजजा-1)** **(रिक्तियों की संख्या अनंतिम है। चुने गए अभ्यर्थियों को मणुगुरू (तेलंगाना), तूतिकोरिन (तमिलनाडु), तालचेर (ओडीशा), बड़ौदा (गुजरात) तथा कोटा (राजस्थान) स्थित भारी पानी संयंत्रों एवं पऊवि की अन्य संघटक इकाइयों में तैनात किया जा सकता है।)**
<u>योग्यता</u> : (i) एचएससी एवं नर्सिंग और मिड-वायफरी के डिप्लोमा (तीन वर्ष का पाठ्यक्रम) + भारत के केंद्र / राज्य नर्सिंग काउंसिल से वैध पंजीकरण। (ii) बी.एससी. (नर्सिंग) अथवा (iii) किसी चिकित्सालय में 3 वर्ष के अनुभव के साथ नर्सिंग "ए" प्रमाणपत्र या सशस्त्र सेना में नर्सिंग सहायक वर्ग -।। या उससे उच्च पद।	

नोट	उपरोक्त पदों पर भर्ती के लिए **<u>नर्सिंग में उपाधि</u>** प्राप्त अभ्यर्थियों भी विचार किया जा सकता है। ऐसे अभ्यर्थियों को नियुक्ति के समय **<u>2 अतिरिक्त वेतन वृद्धि</u>** दिए जाने पर विचार किया जा सकता है।
आयु सीमा	ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को अधिकतम 30 वर्ष।
वेतन बैंड	वेतन मैट्रिक्स के स्तर 7 में रु. 44,900/- **+** महंगाई भत्ता (इसके अतिरिक्त तैनाती के स्थान के आधार पर निर्धारित दर पर मकान किराया भत्ता एवं परिवहन भत्ता भी देय होगा।
चयन का तरीका	चयन प्रक्रिया प्रशिक्षणार्थी श्रेणी-**II** की चयन प्रक्रिया के अनुसार ही आयोजित होगी जिसमें चरण-1 प्रारंभिक परीक्षा, चरण-2 प्रगत परीक्षा एवं चरण 3 कौशल परीक्षा शामिल हैं। चरण 1 और 2 की लिखित परीक्षा उसी दिन आयोजित की जाएगी। उन्हीं अभ्यार्थी की चरण 2 की उत्तर पुस्तिका जांची जाएगी जो चरण 1 की लिखित परीक्षा उत्तीर्ण करते है। लिखित परीक्षा में गलत उत्तर देने पर अंक काट दिए जाएंगे।

<u>पद संख्या 16 : आशुलिपिक ग्रेड - ।। - "ग्रुप बी, अराजपत्रित"</u>

पदों की संख्या	**2 (अनारक्षित-1 एवं अपिव-1)** **(रिक्तियों की संख्या एवं तैनाती का स्थान अनंतिम है। चुने गए अभ्यर्थियों को भारी पानी बोर्ड या मणुगुरू (तेलंगाना), तूतिकोरिन (तमिलनाडु), तालचेर (ओडीशा), बड़ौदा (गुजरात) तथा कोटा (राजस्थान) स्थित भारी पानी संयंत्रों में तैनात किया जा सकता है।)**
<u>शैक्षणिक योग्यता</u> : i) मैट्रिक या समकक्ष ii) अंग्रेजी आशुलिपि में न्यूनतम 100 शब्द प्रति मिनट की गति एवं अंग्रेजी टंकण में 45 शब्द प्रति मिनट की गति **<u>वांछनीय योग्यता</u>** : कम्प्यूटर एप्लीकेशन, डाटा इंट्री एवं डाटा प्रोसेसिंग का ज्ञान	
आयु सीमा	ऑन- लाइन आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तारीख को अधिकतम 27 वर्ष
वेतन स्तर	वेतन मैट्रिक्स के स्तर 6 में **रु.** 35400/- + महंगाई भत्ता (इसके अतिरिक्त, तैनाती के स्थान के आधार पर निर्धारित दर पर मकान किराया भत्ता, परिवहन भत्ता भी देय होगा।)
चयन का तरीका	**<u>स्तर 1 परीक्षा</u>** – वस्तुनिष्ठ में निम्नलिखित शामिल है : ए) सामान्य अंग्रेजी बी) सामान्य ज्ञान सी) सामान्य बुद्धिमत्ता एवं तर्क शक्ति एवं डी) संख्यात्मक योग्यता (अंक गणित) **<u>स्तर 2 परीक्षा</u>** - आशुलिपिक कौशल परीक्षा **<u>पैनल में आने का मानदंड</u>** : स्तर 1 एवं 2

<u>पद संख्या 17: आशुलिपिक ग्रेड - ।।। - "ग्रुप सी, अराजपत्रित"</u>

पदों की संख्या	**2 (अनारक्षित-1 एवं अजा-1)** **(रिक्तियों की संख्या एवं तैनाती का स्थान अनंतिम है। चुने गए अभ्यर्थियों को भारी पानी बोर्ड या मणुगुरू (तेलंगाना), तूतिकोरिन (तमिलनाडु), तालचेर (ओडीशा), बड़ौदा (गुजरात) तथा कोटा (राजस्थान) स्थित भारी पानी संयंत्रों या परमाणु ऊर्जा विभाग के तहत किसी भी यूनिट में तैनात किया जा सकता है।)**
<u>शैक्षणिक योग्यता</u> : i) न्यूनतम 50% के साथ मैट्रिक या समकक्ष। ii) अंग्रेजी आशुलिपि में न्यूनतम 80 शब्द प्रति मिनट की गति iii) अंग्रेजी टंकण में 45 शब्द प्रति मिनट की गति .	
आयु सीमा	ऑन- लाइन आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तारीख को अधिकतम 30 वर्ष

वेतन स्तर	वेतन मैट्रिक्स के स्तर 4 में रु. 25,500/- + महंगाई भत्ता **(इसके अतिरिक्त, तैनाती के स्थान के आधार पर निर्धारित दर पर मकान किराया भत्ता, परिवहन भत्ता भी देय होगा ।)**
चयन का तरीका	**<u>स्तर 1 परीक्षा</u>** – वस्तुनिष्ठ में निम्नलिखित शामिल है : ए) सामान्य अंग्रेजी बी) सामान्य ज्ञान सी) सामान्य बुद्धिमत्ता एवं तर्क शक्ति एवं डी) संख्यात्मक योग्यता (अंक गणित) **<u>स्तर 2 परीक्षा</u>** - आशुलिपिक कौशल परीक्षा **पैनल में आने का मानदंड** : स्तर 1 एवं 2

<u>पद संख्या 18 : प्रवर श्रेणी लिपिक</u>

पदों की संख्या	**भारी पानी बोर्ड / भारी पानी संयंत्र - 7** (अनारक्षित**-4**, अपिव **-1 &** अजा**-2) and ब्रिट-1** (अपिव) **(रिक्तियों की संख्या एवं तैनाती का स्थान अनंतिम है । चुने गए अभ्यर्थियों को मणुगुरू (तेलंगाना), तूतिकोरिन (तमिलनाडु), तालचेर (ओडीशा), बड़ौदा (गुजरात) तथा कोटा (राजस्थान) स्थित भारी पानी संयंत्रों या परमाणु ऊर्जा विभाग के तहत किसी भी यूनिट में तैनात किया जा सकता है ।)**
<u>शैक्षणिक योग्यता</u> : संयुक्त रूप में 50% अंकों के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या समकक्ष से कला, विज्ञान या वाणिज्य में स्नातक उपाधि ।	
<u>वांछनीय योग्यता</u> :	1. अंग्रेजी टंकण में न्यूनतम 30 शब्द प्रति मिनट की गति । 2. कम्प्यूटर डाटा संसाधन का ज्ञान ।
आयु सीमा	ऑन- लाइन आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तारीख को अधिकतम 27 वर्ष
वेतन स्तर	वेतन मैट्रिक्स के स्तर 6 में रु. 25,500/- + महंगाई भत्ता **(इसके अतिरिक्त, तैनाती के स्थान के आधार पर निर्धारित दर पर मकान किराया भत्ता, परिवहन भत्ता भी देय होगा ।)**
चयन का तरीका	**<u>स्तर 1 परीक्षा</u>** – वस्तुनिष्ठ में निम्नलिखित शामिल है : ए) सामान्य अंग्रेजी बी) सामान्य ज्ञान सी) सामान्य बुद्धिमत्ता एवं तर्क शक्ति एवं डी) संख्यात्मक योग्यता (अंक गणित) **<u>स्तर 2 परीक्षा</u>** – अंग्रेजी भाषा एवं उसका बोध (विवरणात्मक लिखित परीक्षा) **<u>पैनल में आने के मानदंड</u>** : केवल स्तर 2 (मुख्य) में प्राप्त अंकों के आधार पर । स्तर-1 की परीक्षा, स्तर-2 की मुख्य परीक्षा के लिए शार्ट लिस्ट में आने की अर्हता परीक्षा/स्क्रीनिंग परीक्षा होगी ।

<u>अतिरिक्त लाभ :</u>

परमाणु ऊर्जा विभाग के कर्मचारी नियमानुसार स्वीकार्य सामान्य वेतन एवं भत्तों के अतिरिक्त निम्नलिखित सुविधाओं के पात्र भी हैं :

- कार्य करने के लिए जोशीला माहौल जिसमें उच्च अकादमिक शिक्षा प्राप्त करने की सुविधा भी प्रदान की जाती है
- पऊवि की योग्यता आधारित पदोन्नति योजना के तहत वैज्ञानिक सहायकों / तकनीशियनों की उच्चतर ग्रेड में पदोन्नति।
- स्वयं तथा परिवार के सदस्यों के लिए पूर्ण स्वास्थ्य देखभाल
- सुनियोजित एवं विशिष्ट टाउनशिप में सुरक्षित आवास
- कार्य निष्पादन संबंधित आकर्षक प्रोत्साहन
- आकर्षक प्रोफेशन अपडेट एलाउंस तथा छुट्टी यात्रा सुविधा (स्वंय तथा परिवार के लिए)
- शिक्षा सुविधा / ट्यूशन फीस आदि की प्रतिपूर्ति
- घर तथा कंप्यूटर के लिए विभागीय ऋण सुविधा

सामान्य निर्देश

1. उपरोक्त दर्शाई गई रिक्तियों की संख्या अनंतिम है तथा इसमें परिवर्तन किया जा सकता है। भापाबो, बिना किसी सूचना के अथवा किसी कारण बताये बिना उक्त पद को भरने अथवा पूरी भर्ती प्रक्रिया को निरस्त करने / प्रतिबंधित करने / संशोधित करने / परिवर्तित करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखता है । यदि किसी श्रेणी में रिक्तियों की संख्या कम होती है अथवा शून्य भी की जाती है तो इससे अभ्यर्थी को यदि किसी प्रकार की क्षति / हानि होती है तो भारी पानी बोर्ड उसकी क्षतिपूर्ती करने के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।

2. अभ्यर्थी, लिखित परीक्षा / ट्रेड परीक्षा/ कौशल परीक्षा / स्तर 1 एवं 2 परीक्षा / साक्षात्कार में अंग्रेजी अथवा हिंदी में प्रश्नों का उत्तर देने का चयन कर सकेगें । तथापि प्रवर श्रेणी लिपिक के अभ्यार्थियों के लिए स्तर 2 की परीक्षा - अंग्रेजी भाषा एवं उसका बोध (विवरणात्मक लिखित परीक्षा) केवल अंग्रेजी में ही होगी । आशुलिपिक ग्रेड - II एवं III के स्तर 2 की परीक्षा अंग्रेजी आशुलिपिक कौशल परीक्षा होगी ।

3. उपरोक्त श्रेणियों द्वारा किए जाने वाले कार्यों की प्रकृति में देश के विभिन्न भागों में स्थापित प्रचालन संयंत्रों में राउण्ड-द-क्लॉक शिफ्ट ड्यूटी में कार्य करना शामिल हो सकता है।

4. लिखित परीक्षा / कौशल परीक्षा / स्तर 1 एवं 2 परीक्षा / साक्षात्कार (जो लागू हो) के समय अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र में उल्लिखित सभी संबंधित दस्तावेजों की साक्ष्यांकित प्रति के साथ ऑनलाइन आवेदन पत्र तथा प्रवेश पत्र का एक प्रिंट आउट लाना होगा ।

5. किसी भी पद के लिए आवेदन करने से पूर्व अभ्यर्थी को यह सुनिश्चित करना होगा कि वह निर्धारित अर्हता के मानकों को पूरा करते हैं इसके साथ-साथ आवेदन प्रस्तुत करने की तिथि में अभ्यर्थी के पास किसी मान्य विश्वविद्यालय / संस्थान से आवश्यक शैक्षणिक योग्यता / तकनीकी योग्यता होनी चाहिए।

6. विज्ञापन में उल्लिखित अनुभव की अवधि का निर्धारण आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख के संदर्भ में किया जाएगा ।

7. विज्ञापन में विहित योग्यताओं के पूरा करने मात्र से ही कोई अभ्यर्थी लिखित परीक्षा / कौशल परीक्षा / स्तर 1 एवं 2 परीक्षा / साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने का पात्र नहीं हो जाता है ।

8. श्रेणी I एवं II प्रशिक्षणार्थियों हेतु चरण 1 एवं 2 की लिखित परीक्षा निम्नलिखित परीक्षा केद्रों पर किया जाना प्रस्तावित है :

मुंबई	चेन्नै	हैदराबाद
कोटा	भुवनेश्वर	

अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र में केन्द्र के चयन के लिए अपना वरीयता क्रम इंगित कर सकते हैं (कम से कम तीन केन्द्र)। केन्द्र का आवंटन प्रत्येक केन्द्र पर रजिस्टर्ड अभ्यर्थियों की संख्या के आधार पर किया जाएगा। एक बार चुने गए केन्द्र को बदलने का अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा। भारी पानी बोर्ड को यह अधिकार होगा कि वह विभिन्न क्षेत्रों के अभ्यर्थियों की संख्या के आधार पर केन्द्रों की संख्या अधिक या कम कर सके। **श्रेणी – I एवं II प्रशिक्षार्थियों के अलावा अन्य पदों के लिए लिखित परीक्षा / परीक्षा / साक्षात्कार (जो लागू हो) मुम्बई में ही आयोजित किया जाएगा ।**

9. प्रतीक्षा सूची में नामिकाबद्ध किये गए अभ्यार्थी को नियुक्ति का प्रस्ताव तभी भेजा जाएगा जब चयनित अभ्यार्थी जॉइन नहीं करते है । प्रतिक्षा सूची परमाणु ऊर्जा विभाग के दिनांक 26/10/2016 के कार्यालय ज्ञापन संख्या. **16/19(1)/2015-SUS/14244 के अनुसार ही संचालित (ऑपरेट) की जाएगी तथा इस पैनल की वैधता पैनल चयन की तारीख से एक वर्ष के लिए होगी । प्रतीक्षा सूची के संचालन (ऑपरेशन) का प्रकाशन भापाबो की वेबसाइट** www.hwb.gov.in पर होगा । (भर्ती – शीर्षक के तहत)

10. इस विज्ञापन के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों को आरंभ में भारी पानी बोर्ड, मुंबई अथवा संपूर्ण भारत में स्थापित भारी पानी संयंत्रों में नियुक्त किया जा सकता है तथा वे जनहित में आवश्यकतानुसार परमाणु ऊर्जा विभाग की भारत में स्थित किसी भी संबद्ध इकाई में कार्य करने के लिए उत्तरदायी होंगे ।

11. केन्द्र / राज्य सरकार / सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों / स्वायत्त निकायों में कार्य करने वाले व्यक्तियों को कौशल परीक्षा / स्तर 1 एवं 2 परीक्षा / साक्षात्कार के समय **"अनापत्ति प्रमाण पत्र"** प्रस्तुत करना होगा ।

12. **आयु सीमा में छूट :**

    ए. अजा / अजजा हेतु आरक्षित पदों के लिए 5 वर्ष तक छूट

    बी. अन्य पिछड़ी जातियों हेतु आरक्षित पदों के लिए 3 वर्ष तक छूट

	सी. विकलांग व्यक्तियों को आयु सीमा में नियमानुसार छूट दी जाएगी। डी. भूतपूर्व सैनिकों को आयु सीमा में नियमानुसार छूट दी जाएगी । इ. ऐसे विभागीय अभ्यर्थी जिन्होंने समान लाईन में अथवा संबद्ध कैडर में दिनांक 25.06.2018 तक कम से कम 03 वर्षों की सतत एवं नियमित सेवा प्रदान की है, वे उच्च आयु सीमा में नियमानुसार छूट के पात्र होंगे। एफ. 1 जनवरी 1980 से 31 दिसंबर, 1989 की अवधि में जम्मू एवं कश्मीर राज्य के कश्मीर प्रभाग में रहने वाले व्यक्तियों को उच्च आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट होगी। जी. 1984 के दंगों में मारे गए व्यक्तियों के बच्चों / परिवार के सदस्यों को उच्च आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट होगी । उन्हें 1984 के दंगों में प्रभावित होने का साक्ष्य प्रस्तुत करना होगा। आयु सीमा में छूट संबंधी विवरण हेतु कृपया भापाबो की वेबसाइट www.hwb.gov.in देखें । (भर्ती – शीर्षक के तहत)
13.	**अजा/अजजा/अपिव** के अभ्यर्थियों को अपना जाति प्रमाण पत्र केन्द्र सरकार रोजगार में लागू निर्धारित प्रपत्र में प्रस्तुत करना होगा। उक्त जाति प्रमाण पत्र अधिकृत प्राधिकारी द्वारा निर्धारित प्रपत्र में जारी किया जाना चाहिए एवं वह जाति संबंधित राज्य के संबंध में राष्ट्रपति आदेशों में शामिल की गई होनी चाहिए । यह प्रपत्र भारी पानी बोर्ड की वेबसाईट www.hwb.gov.in पर उपलब्ध है ।
14.	जबकि, अनारक्षित पदों के लिए समुदाय / समूह पर ध्यान दिए बिना सभी अर्हक अभ्यर्थियों पर विचार किया जाएगा तथापि, अजा/अजजा/अपिव तथा शारीरिक रूप से विकलांग अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित पदों के लिए संबंधित श्रेणी के अभ्यर्थियों पर ही विचार किया जाएगा । इस उद्देश्य के लिए अजा/अजजा/अपिव के अभ्यर्थियों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
15.	अजा/अजजा/अपिव के अभ्यर्थियों को अपने आवेदन में इसका स्पष्ट उल्लेख करना चाहिए **(चाहे वे अनारक्षित रिक्ति के लिए आवेदन कर रहे हों)** तथा साक्षात्कार के समय उन्हें निर्धारित प्रपत्र में इसका साक्ष्य प्रस्तुत करना होगा यदि वे ऐसा नहीं कर पाते हैं तो उन्हें अनारक्षित अभ्यर्थी के रूप में माना जाएगा बाद में समुदाय स्टेटस बदलने के लिए उनके किसी भी अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा ।
16.	जाति प्रमाणपत्र गैर-क्रीमी लेयर सहित निर्धारित प्रपत्र में अधिकृत प्राधिकारी द्वारा जारी किया हुआ होना चाहिए तथा वह जाति अन्य पिछड़ा वर्ग की केंद्रीय सूची में समाहित होनी चाहिए । किसी मामले में यदि अभ्यर्थी से संबंधित जाति का नाम अपिव भी सामान्य सूची में सूचीबद्ध नहीं हो तो वह अभ्यर्थी वह कोई छोट पाने का पात्र नहीं होगा तथा ऐसे अभ्यर्थी को आरक्षित श्रेणी का माना जाएगा ।
17.	**यात्रा भत्ता :** अजा / अजजा के बाहरी अभ्यर्थी लिखित परीक्षा / कौशल परीक्षा / स्तर 1 एवं 2 परीक्षा / साक्षात्कार हेतु आने जाने के लिए लघुतम मार्ग अथवा वास्तविक अदा किराए में से जो भी कम हो, के आधार पर, द्वितीय श्रेणी (स्लीपर क्लास) के रेल किराए के पात्र होंगे, टिकट / टिकट क्रमांक आदि प्रस्तुत करने पर ही उन्हें यह किराया दिया जाएगा। **परंतु, यात्रा भत्ता उन अजा/अजजा के अभ्यर्थियों के लिए स्वीकार्य नहीं है जो पहले से ही केन्द्रीय / राज्य सरकार, केन्द्रीय/राज्य सरकार कॉरपोरेशन, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्थानीय सरकारी संस्थान तथा पंचायतों में सेवारत हैं।** यात्रा भत्ता प्रपत्र **www.hwb.gov.in** अथवा **hwb.mahaonline.gov.in** से डाउनलोड किया जा सकता है ।
18.	अभ्यर्थी, जो केन्द्र/राज्य सरकार/सार्वजनिक उपक्रम/स्वायत्तशासी निकायों आदि में कार्यरत हैं, वे अपना ऑनलाइन आवेदन पत्र प्रस्तुत करने के पश्चात उक्त आवेदन की हार्ड प्रति उचित माध्यम में सहायक कार्मिक अधिकारी (भर्ती), भारी पानी बोर्ड, 4थी मंजिल, वी.एस. भवन, अणुशक्तिनगर, मुम्बई – 400094 को प्रस्तुत की जानी चाहिए / इसके साथ ही उन्हें लिखित परीक्षा / कौशल परीक्षा / स्तर 1 एवं 2 की परीक्षा / साक्षात्कार (जो भी लागू हो) के समय "अनापत्ति प्रमाणपत्र" प्रस्तुत करना आवश्यक है इसके अभाव में, उन्हें लिखित परीक्षा / कौशल परीक्षा / स्तर 1 एवं 2 की परीक्षा / साक्षात्कार में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी ।
19.	नियुक्त किए जाने वाले अभ्यर्थी नई अंशदायी पेंशन स्कीम के तहत शासित होंगे।
20.	**परिवीक्षा :** चयनित व्यक्ति को नियमानुसार परिवीक्षा पर नियुक्त किया जाएगा।

21.	किसी भी आवेदक की अभ्यर्थिता किसी भी स्तर पर निरस्त करने या स्वीकार करने का अधिकार भारी पानी बोर्ड के पास सुरक्षित है।
22.	ऐसे अभ्यार्थी जो आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख अर्थात 25.06.2018 को शैक्षणिक अर्हता अर्जित नहीं की है / अर्जित नहीं करेंगे वे पात्र नहीं माने जाएंगे और ऐसे अभ्यर्थी आवेदन न करें।
23.	यदि किसी मामले में विश्वविद्यालय / बोर्ड लेटर ग्रेड / सीजीपीए/ ओपीजीए प्रदान करती है तो उन्हें उस विश्वविद्यालय / बोर्ड द्वारा अपनाए गए मानदंडों के अनुसार अंकों के प्रतिशत के समतुल्य इंगित करना होगा। उसके अभाव में, उम्मीदवारों पर विचार नहीं किया जाएगा (मूल दस्तावेजों के सत्यापन के प्रस्तुतीकरण के समय, अभ्यर्थी को उस विश्वविद्यालय / बोर्ड के ग्रेड / सीजीपीए / ओजीपीए को समतुल्य प्रतिशत में परिवर्तित करने के मानदंड प्रस्तुत करने होंगे।

आवेदन कैसे करें

1.	आवेदन केवल **ऑनलाइन** ही स्वीकार किए जाएँगे । अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन www.hwb.gov.in **अथवा** hwb.mahaonline.gov.in वेबसाइट के माध्यम से ही करें। किसी अन्य तरीके से प्राप्त आवेदनों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।
2.	**ऑनलाइन** आवेदन करने की सुविधा **दिनांक 26.05.2018, 09:15 बजे से दिनांक 25.06.2018, 24:00 बजे तक** उपलब्ध रहेगी।
3.	**आवेदन प्रोसेसिंग शुल्क : 100/-.** अजा/अजजा, महिला, भूतपूर्व सैनिक तथा विकलांग व्यक्तियों को आवेदन शुल्क से छूट है। एक बार भुगतान किया गया शुल्क किसी भी परिस्थिति में न तो वापस किया जाएगा और न ही हस्तांतरित किया जाएगा और इसे किसी अन्य परीक्षा के लिए भी जमा नहीं माना जाएगा ।
4.	अभ्यर्थियों के पास एक वैध ई-मेल आईडी तथा मोबाईल नंबर होना चाहिए। ये नंबर तथा ई-मेल इस भर्ती के जारी रहने के दौरान सक्रिय रहना चाहिए। भारी पानी बोर्ड, चरण 1 एवं 2 की परीक्षा, लिखित परीक्षा / कौशल परीक्षा / स्तर 1 एवं 2 परीक्षा / साक्षात्कार (जो लागू हो) आदि संबंधी सूचना / कॉल लैटर सिर्फ रजिस्टर्ड ई-मेल आईडी पर प्रेषित करेगा।
5.	ऑनलाइन आवेदन करते समय उपलब्ध कराई गई जानकारी के आधार पर लिखित परीक्षा / कौशल परीक्षा / स्तर 1 एवं 2 परीक्षा / साक्षात्कार (जो लागू हो) के लिए सूचीबद्ध किए गए अभ्यर्थियों को भापाबो द्वारा मांग किए जाने पर आवेदन में किए गए दावे के समर्थन में दस्तावेजों/संबंधित प्रमाणपत्रों की साक्ष्यांकित प्रतियाँ प्रस्तुत करनी होगी।
6.	जो अभ्यर्थी एक से अधिक पदों के लिए आवेदन करना चाहते हैं उन्हें प्रत्येक पद के लिए अलग-अलग आवेदन करना होगा तथा प्रत्येक पद के लिए अलग से शुल्क अदा करना होगा।
7.	अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अंतिम तारीख की राह न देखते हुए समय रहते ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करें।
8.	इस संबंध में बाद में यदि कोई संशोधन / परिवर्तन होता है तो उसे केवल भारी पानी बोर्ड की वेबसाईट पर ही अधिसूचित किया जाएगा, इस वेबसाईट को अभ्यर्थी नियमित रूप से देखते रहें।

किसी अन्य स्पष्टीकरण के लिए संपर्क करें :

हेल्पडेस्क: (022) 2548 6409 / ई.मेल : rect@mum.hwb.gov.in

नोट :

(i) ऑनलाइन विवरण प्रस्तुत करने में किसी भी प्रकार की असंगति के लिए भारी पानी बोर्ड (भापाबो) उत्तरदायी नहीं होगा। अत: आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे निर्देशों एवं यूजर गाइड का कड़ाई से पालन करें।

(ii) आवेदन प्रपत्र में आवेदक द्वारा प्रस्तुत किये गए विवरण को अंतिम माना जाएगा और आवेदन की अगली प्रक्रिया इन्हीं विवरणों के आधार पर की जाएगी।

(iii) आवेदन प्रपत्र अपलोड/प्रस्तुत करने से पहले अभ्यर्थी को सतर्कता बरतनी होगी और पद के लिए आवेदन करने की अपनी पात्रता सुनिश्चित करनी होगी। आवेदन प्रपत्र का कोई भी कॉलम खाली नहीं छोड़ा जाना चाहिए।

(iv) **चयनित न किए गए अभ्यर्थियों का रिकार्ड चयन सूची जारी होने की तारीख से छ: माह तक ही रखा जाएगा।**

ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तारीख 25.06.2018 को 24:00 बजे तक।
इस अवधि के बाद प्राप्त आवेदनों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

चेतावनी

लिखित परीक्षा / ट्रेड टैस्ट / साक्षात्कार के लिए अभ्यर्थियों को उनके द्वारा दिए गए ऑनलाइन आवेदन पत्र में प्रस्तुत सूचना के आधार पर ही शॉर्ट लिस्ट किया जाएगा। उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि ये सभी सूचनाएँ सत्य हैं । यदि बाद में किसी भी स्तर पर अथवा साक्षात्कार के समय उनके ऑनलाईन आवेदन में दी गई सूचनाओं में से कोई भी सूचना अथवा दावा गलत पाया जाता है तो उनकी अभ्यर्थिता निरस्त कर दी जाएगी, साथ ही वे किसी अन्य उपयुक्त कार्रवाई के पात्र होंगे ।

किसी भी प्रकार से कैनवासिंग करने पर अभ्यर्थी को अयोग्य करार कर दिया जाएगा |

****